


# इंदौर जलकांड पर कांग्रेस का उपवास

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 18 जनवरी।** मध्य प्रदेश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में दूषित पेयजल से 24 लोगों की दर्दनाक मौत के मामले ने प्रदेशभर में आक्रोश पैदा कर दिया है। इसी

**24 मौतों को लेकर सरकार पर सीधा हमला**

क्रम में जिला कांग्रेस कमेटी शिवपुरी ने जिला अध्यक्ष मोहित अग्रवाल के नेतृत्व में जिला मुख्यालय स्थित माधव चौक चौराहे पर प्रदेशव्यापी धरना-प्रदर्शन एवं उपवास कर सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया। धरना स्थल पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इसे प्रशासनिक लापरवाही और सरकार की घोर असफलता बताते हुए जल संसाधन मंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री से तत्काल इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 करोड़ रुपये मुआवजा दिए जाने की मांग भी उठाई।

धरना को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने कहा कि जिस इंदौर को देश में स्वच्छता का प्रतीक माना जाता है, वहां पीने के पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता से 24 लोगों की मौत होना प्रदेश सरकार के माथे पर कलंक है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी त्रासदी के बावजूद सरकार संवेदनहीन बनी हुई है और पीड़ित परिवारों के प्रति कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आम जनता की आवाज बनकर इस अन्याय के खिलाफ सड़कों पर उतरी है। मोहित अग्रवाल ने यह भी उल्लेख किया कि इस हृदयविदारक घटना से आहत होकर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी स्वयं इंदौर पहुंचे, घटनास्थल भागीरथपुरा जाकर पीड़ित परिवारों से मिले और उन्हें आर्थिक सहायता देकर ढांढस बंधाया, जबकि प्रदेश सरकार अब तक केवल औपचारिकताओं में उलझी हुई है। धरना, प्रदर्शन और उपवास में विधायक कैलाश कुशवाह, पूर्व विधायक प्रागीलाल जाटव, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय सिंह चौहान, शहर अध्यक्ष राजू गुर्जर, पश्चिम अध्यक्ष प्रियंका शर्मा, साहब सिंह कुशवाह, साजिद विद्यार्थी, चंद्रकांत शर्मा मामा, राजकुमार शाक्य, वीरेंद्र खटीक, अनिल शर्मा उत्साही, गिर्राज शर्मा, एडवोकेट पंकज आहूजा, अवधेश शिवहरे सहित सैकड़ों कांग्रेसजन शामिल रहे।

# स्टूडेंट्स के सपनों को मिली अंतरिक्ष की उड़ान

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 18 जनवरी।** गीता पब्लिक स्कूल ने विज्ञान एवं अंतरिक्ष शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। भारत सरकार के अंतरिक्ष ज्ञान अभियान के अंतर्गत आईडीवायएम और इसरो के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय

**गीता पब्लिक स्कूल में आईडीवायएम : इसरो के सहयोग से रॉकेट लॉन्च कार्यशाला, 140 विद्यार्थियों ने लिया भाग**



कार्यक्रम में स्कूल के 140 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन इं. रवि शंकर कुमार (फाउंडर, इग्नाइटिंग ड्रीम्स ऑफ यंग माइंड्स) एवं युवा रॉकेट वैज्ञानिक श्री रोहित राज के निर्देशन में किया गया।

17 जनवरी को विद्यार्थियों को रॉकेट लॉन्च कार्यशाला के माध्यम से सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया, वहीं 18 जनवरी को विद्यार्थियों द्वारा निर्मित मिनी एसएलवी रॉकेटों का भव्य एवं सफल प्रक्षेपण किया गया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण के अनुकूल रॉकेट मोटर निर्माण के लिए विशेष पीवीसी पाइप और सुरक्षित शुगर फ्यूल का उपयोग किया। साथ ही अगरबत्ती के खाली पैकेट, धागे के बंडल, कार्डबोर्ड और शुगर सर्कल जैसी सरल एवं सुरक्षित सामग्री से रॉकेट तैयार किए गए। प्रक्षेपण से पूर्व विद्यार्थियों ने रॉकेट की सेंट्रल ग्रेविटी का परीक्षण भी स्वयं किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार एवं आत्मनिर्भरता का विकास करना तथा उन्हें व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ना है। सभी गतिविधियाँ निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप संपन्न की गईं। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में विज्ञान एवं तकनीक के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें भविष्य में अंतरिक्ष अनुसंधान एवं वैज्ञानिक परियोजनाओं के लिए प्रेरित करते हैं। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार यह पूरा कार्यक्रम तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है। पहला चरण सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुका है, जबकि अगले चरण की तैयारियाँ शीघ्र प्रारंभ की जाएँगी। आगामी चरण में बड़े रॉकेट के निर्माण एवं प्रक्षेपण के साथ सॉफ्ट लैंडिंग तकनीक पर विशेष रूप से कार्य किया जाएगा।



# जिला स्तरीय ओलंपियाड में बदरवास अव्वल

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 18 जनवरी।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशन एवं जिला शिक्षा केंद्र के मार्गदर्शन में शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन बदरवास में किया गया। कक्षा 2 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए ओलंपियाड एवं वर्ड पावर चैंपियनशिप तथा

**99 .25 प्रतिशत उपस्थिति के साथ प्रथम स्थान**



कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए ओलंपियाड परीक्षा शासकीय प्राथमिक विद्यालय, वार्ड क्रमांक 07 बदरवास में संपन्न हुई।

जन शिक्षा केंद्र स्तर से चयनित विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बीआरसीसी अंगद सिंह तोमर के अनुसार बदरवास विकासखंड में समस्त संस्था प्रभारियों, शिक्षकों एवं जनशिक्षकों की कड़ी मेहनत के परिणामस्वरूप कुल 572 चयनित विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इनमें कक्षा 6 से 8 तक के 324 विद्यार्थी तथा कक्षा 2 से 5 तक के 248 विद्यार्थी शामिल रहे। उपस्थिति के मामले में बदरवास विकासखंड एक बार फिर जिले में अव्वल रहा।

परीक्षा का सफल संचालन केंद्राध्यक्ष बृजेश वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा में चयनित विद्यार्थी आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। बदरवास विकासखंड में ओलंपियाड एवं वर्ड पावर चैंपियनशिप के लिए कुल 4506 विद्यार्थियों का पंजीयन हुआ था, जिनमें से 4472 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इस प्रकार 99.25 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करते हुए बदरवास विकासखंड ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विगत सत्र में भी बदरवास से 4 विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ था। ओलंपियाड एवं वर्ड पावर चैंपियनशिप का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में तार्किक चिंतन, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति रुचि विकसित करना है। इस उपलब्धि पर बीआरसी अंगद सिंह तोमर ने समस्त जनशिक्षकों, संस्था प्रभारियों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता टीमवर्क और निरंतर प्रयास का परिणाम है। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों एवं पालकों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई तथा बच्चों को पॉप्स, केला एवं बिस्कुट वितरित किए गए। पालकों का भी सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। परीक्षा के सफल आयोजन में बीएससी वेद प्रकाश शर्मा, संजीव भार्गव, सेवक चंदेल, सीएसी अरविंद कुशवाहा, कुलदीप ग्वाल, भागवत यादव, फिरोज खान, राम अख्तियार, कपिल जैन, ओझा, सुरेंद्र दांगी सहित शिक्षक राजेश दांगी, रवि श्रीवास्तव, महेश जाटव, पवन शर्मा, हरिराम जाटव, संतोष ओझा, ललित यादव एवं राधेचरण का विशेष योगदान रहा।

# सांस्कृतिक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**दिनारा, 18 जनवरी।** दिनारा में छठवीं बार सांस्कृतिक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें अलग अलग कोचिंग और स्कूलों से 325 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया परीक्षा का आयोजन दो वर्गों में किया गया वर्ग 1 में कक्षा 7,8 एवं 9 तथा वर्ग-2 में कक्षा 10, 11 एवं 12 शामिल हुए प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड के साथ पुस्तक और मेडल प्रदान किए गए।



इस कार्यक्रम में बतौर वक्ता युगल जी शर्मा रहे जिन्होंने विद्यार्थियों को हमेशा की स्वामी विवेकानंद जी का अनुशरण करने की प्रेरणा दी अध्यक्षता के. एल. जेड. स्कूल संचालक अशोक सर ने की जूनियर वर्ग में: प्रथम पुरस्कार कृष्ण कांत दुबे द्वितीय यशपाल,तृतीय आकांक्षा यादव, इसके अलावा सांत्वना पुरुस्कार निहाल रजक, मानवी गुप्ता, यशिका गुप्ता, आयुषी गुप्ता, देवप्रभा यादव कृष्णा पाल इसी प्रकार सीनियर वर्ग में:प्रथम पुरुस्कार ऋषभ रजक द्वितीय पुरुस्कार यश भार्गव, तृतीय पुरुस्कार आदित्य गुप्ता इसके अलावा सांत्वना पुरुस्कार प्रियांश गुप्ता,हर्षराज सक्सेना,आदर्श यादव कृष्णा यादव,राम शर्मा,हिमानी दुबे, प्रीति यादव को प्रदान किये गए इस प्रतियोगिता की रूपरेखा शरद विश्वकर्मा और केतन शर्मा,और अमरीश यादव जी द्वारा की गयी , आशीष विश्वकर्मा, अंकित सर, अभिषेक यादव, राज यादव, मिथुन सर,पीयूष भार्गव रुक्मणि परिहार, शिवांश सर, ऋग्र सर, खगेंद्र सर, गौरव गौतम सर , चांदनी यादव, सत्यम सर, संजय सर, विनोद सर सौरभ यादव, मुस्कान राजपूत, ध्रुव गुप्ता, दीपशिखा शर्मा,प्रियांशी गंगोलिया ओम प्रकाश गुप्ता,रितिक पाल आदि ने बहुत सहयोग किया।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग अपहृता को किया बरामद

**नवभारत न्यूज**
**दिनारा, 18 जनवरी।** दिनारा करेरा विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम डामरौन खुर्द ने दिनांक 11.01.26 को शिवकुमार सैन पुत्र आशाराम सैन उम्र 46 साल निवासी ग्राम डामरोन खुर्द थाना दिनारा जिला शिवपुरी का रहने वाला हूँ दिनारा थाना आकर रिपोर्ट की थी कि दिनांक 10.12.2025 को रात्री को मैं खेत पर पानी लगाने के लिये चला गया था घर पर कमरे मे मेरी पत्नि राजकुमारी व मैं अपनी लड़की साक्षी सेन उम्र 17 साल को कमरे में सोता हुआ छोड़ गया था रात्री करीबन 01.00 बजे जब मैं खेत से अपने घर पर वापस आया तो देखा मेरी लड़की साक्षी कमरे में नहीं थी उसके बाद मैने अपनी लड़की साक्षी की तलाश घर में व आस पड़ोस में की परंतु मेरे लड़की का कुछ पता नहीं चला। तभी से मैं अपनी लड़की साक्षी की तलाश अपनी रिश्तेदारीयो व आस पास के गांव में कर रहा हूँ परंतु मेरी लड़की के बारे में कोई भी पता नहीं चला है मेरी लड़की के दाहिने हाथ की अंगुठे के पास ऋ गुदा है कोई अज्ञात व्यक्ति मेरे लड़की को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 07/26 धारा 137 (2) वी.एन.एस. का कायम कर विवेचना मे लिया गया ।

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड (भा0पु0 से0) के निर्देशन में एवं अति0 पुलिस अधीक्षक संजीव मूले (रा0पु0 से0), एसडीओपी करैरा आयुष जाखड एवं एस.डी.ओ.पी. पिछोर श्री प्रशांत शर्मा द्वारा संम्पूर्ण जिला मे अपहृत बालक बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु चलाया जा रहे मुस्कान ऑपरेशन के निर्देश प्राप्त हुए उक्त निर्देशो के तारतम्य में दिनांक 18.01.26 को थाना प्रभारी दिनारा रविन्द्र सिंह कुशवाहा मुखविर सूचना के नावालिक अपहृता साक्षी सेन उम्र 17 साल को दस्तयाब किया गया । उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी दिनारा रविन्द्र सिह कुशवाह, सउनि नारायण सिह वंजारा, आर. दीपक मौर्य, म.आर. पूजा प्रजापति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# आबकारी नीति 2026-27 को लेकर शिवपुरी में मंथन



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 18 जनवरी।** जिला

**राजस्व वृद्धि पर जोर**

आबकारी कार्यालय शिवपुरी में 17 जनवरी 2026 को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त आबकारी, संभागीय उड़नदस्ता ग्वालियर संदीप शर्मा एवं जिला आबकारी अधिकारी शुभम दांगोड़े ने की। बैठक में शिवपुरी जिले के समस्त मदिरा अनुज्ञप्ति धारियों तथा आबकारी कार्यपालक अधिकारियों ने सहभागिता की।

बैठक का मुख्य उद्देश्य नवीन ठेका वर्ष 2026-27 में मदिरा दुकानों के निष्पादन को लेकर संभावनाओं, योजनाओं एवं रणनीतियों पर विस्तृत विमर्श करना रहा।

इस दौरान शहर में संचालित मदिरा दुकानों के पुर्नस्थापन, सीमा विस्तार, दुकानों हेतु शासकीय भूमि की उपलब्धता एवं उपयुक्तता पर स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही समूहों के स्वरूप में परिवर्तन, पुनर्गठन एवं सीमा विस्तार को लेकर प्राप्त सुझावों पर गहन चर्चा की गई। अधिकारियों ने नवीन आबकारी नीति के अनुरूप राजस्व वृद्धि सुनिश्चित करने हेतु योजनाबद्ध ढंग से मदिरा दुकानों के निष्पादन पर बल दिया। बैठक में सहायक जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी उपनिरीक्षक एवं जिले के सभी अनुज्ञप्ति धारी उपस्थित रहे।

**पर्यटन को लेकर भी हुई सकारात्मक पहल**

बैठक के उपरांत जिला पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में भी सार्थक संवाद हुआ। शिवपुरी जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के सचिव शुभम दांगोड़े द्वारा परिषद का वर्ष 2026 का नवीन कैलेंडर उपायुक्त आबकारी संदीप शर्मा को भेंट किया गया। इस अवसर पर शिवपुरी के प्रमुख पर्यटन स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों एवं भविष्य की पर्यटन संभावनाओं पर चर्चा की गई। सभी ने शिवपुरी को एक सशक्त पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने हेतु समन्वित प्रयासों पर सहमति व्यक्त की।

# रात्रि में किया बामौरकलां थाने का औचक निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 18 जनवरी।** अपराधों पर प्रभावी अंकुश और आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन सतत सक्रिय है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा ने 17-18 जनवरी 2026 की रात्रि थाना बामौरकला का औचक निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्थाओं की सघन समीक्षा की।

मध्यरात्रि थाने पहुंचकर एसडीओपी श्री शर्मा ने सर्वप्रथम रात्रि ड्यूटी में तैनात पुलिस बल की उपस्थिति का निरीक्षण किया, जहां सभी आरक्षक ड्यूटी पर सतर्कता के साथ उपस्थित पाए गए। सूचना पर थाना प्रभारी संजय लोधी भी तत्काल थाने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान हवालात का अवलोकन किया गया, जिसमें कोई बंदी नहीं पाया गया। एसडीओपी ने थाने के महत्वपूर्ण रजिस्टरों की गहन जांच की। व्हीसीएनबी सहित अभिलेख अद्यतन पाए गए, जिस पर संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक टीप अंकित की गई। रात्रि गश्त में लगे बल को अपराधियों, असामाजिक तत्वों एवं अवैध गतिविधियों पर पैनी नजर रखते हुए सतर्क गश्त करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया गया, जिसे संतोषजनक बताया गया। लंबित वारंटों की शीघ्र तामीली सुनिश्चित करने तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए गए। थाने में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे चालू अवस्था में पाए गए।

## देवेन्द्र शर्मा की वार्ता का प्रसारण 4 को

**नरवर, 18 जनवरी।** नरवर के देवेन्द्र शर्मा (लेखक एवं पत्रकार) की वार्ता- 'प्रिंट मीडिया में हिंदी की भूमिका' का प्रसारण आज प्रात: 7:15 से 7:30 के मध्य आकाशवाणी शिवपुरी से किया जाएगा। हिंदी प्रिंट मीडिया के आरंभिक विकास से लेकर वर्तमान तक की स्थिति तक वर्णन किया है। मुख्यरूप से उन्होंने हिंदी के प्रारंभिक अखबार, राष्ट्रीय आंदोलन में हिंदी प्रिंट मीडिया की भूमिका, साहित्यकारों एवं पत्रकारों का हिंदी प्रिंट मीडिया में योगदान, प्रिंट मीडिया में हिंदी लोक भाषा के रूप में तथा हिंदी प्रिंट मीडिया से संबंधित सम्मान आदि का विस्तृत एवं गहनतापूर्ण वर्णन किया है।



# न्यायालय परिसर में सुलभ कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण, आमजन को मिलेगी सुविधा

**नवभारत न्यूज**
**पोहरी, 18 जनवरी।** पोहरी नगर पंचायत द्वारा वार्ड क्रमांक 11 स्थित न्यायालय प्रांगण में निर्मित सुलभ कॉम्प्लेक्स का आज विधिवत लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राजेंद्र प्रसाद सोनी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रश्मि नेपाल वर्मा ने की।

कार्यक्रम में पोहरी अभिभाषक संघ अध्यक्ष एस.एस.यू. सिद्दकी जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष विजय तिवारी सहित अभिभाषक संघ के सभी सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर अभिभाषक संघ द्वारा



जिला न्यायाधीश को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। लोकार्पण के अवसर पर जिला न्यायाधीश राजेंद्र प्रसाद सोनी ने कहा न्यायालय परिसर में सुलभ कॉम्प्लेक्स जैसी सुविधाएं अधिवक्ताओं, वादकारियों एवं आम नागरिकों के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। यह कार्य नगर पंचायत की सराहनीय पहल है, जो स्वच्छता और सुविधा दोनों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पोहरी अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एस.एस.यू. सिद्दकी ने कहा कि न्यायालय आने वाले नागरिकों एवं अधिवक्ताओं को लंबे समय से इस सुविधा की आवश्यकता थी। नगर परिषद द्वारा सुलभ कॉम्प्लेक्स का निर्माण कर एक बड़ी समस्या का समाधान किया गया है, इसके लिए नगर परिषद प्रशंसा की पात्र है। नगर परिषद अध्यक्ष रश्मि नेपाल वर्मा ने कहा कि नगर पंचायत का प्रयास है कि नगर के सभी सार्वजनिक स्थलों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, जिससे आमजन को स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण मिल सके।